Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 20-12-2005

Participants : Singh Dr. Ram Lakhan

>

Title : Regarding need for construction of a new bridge on river Chambal on National Highway No. 92 in Bhind Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

डॉ. राम लखन सिंह (भिंड) : महोदय, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण विाय की ओर दिलाना चाहता हूं। चम्बल का पुल मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर बना हुआ है और दोनों प्रदेशों के आवागमन के लिए महत्त्वपूर्ण पुल है और यह हमारे संसदीय क्षेत्र भिंड के अंर्तगत आता है और हजारों की संख्या में लोग प्रतिदिन इस पुल से गुजरते हैं लेकिन पुल में कुछ खराबी के कारण इसे बार बार बंद कर दिया जाता है, जिसके कारण दोनों प्रदेश के लोगों को भारी परेशानी होती है। यह पुल राट्रीय राजमार्ग नं0 92 पर बना हुआ है। मेरा केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री जी से अनुरोध है कि क्षेत्र की जनता की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए इसको नया बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें ताकि इस पुल के जरिये इधर-उधर जाने वाले दोनों प्रदेश के लोगों को सुविधा मिल सके।